**दैनिक जागरण**

# चिरेका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

जागरण संवाददाता, जामताड़ा : चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में मंगलवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 159वीं बैठक का आयोजन महाप्रबंधक विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। यह बैठक महाप्रबंधक कार्यालय भवन के सभागार में आयोजित हुई, जिसमें हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और सरकारी कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु चर्चा की गई।

बैठक की शुरुआत महाकवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उनके जीवन और साहित्यिक योगदान पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसने उपस्थित अधिकारियों को हिंदी साहित्य की गरिमा का स्मरण कराया।



चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 159वीं बैठक के दौरान सम्मानित करते अतिथिगण • जागरण

बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता रामाश्रय प्रसाद सहित सभी विभागों के प्रधान अध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने बैठक के दौरान हिंदी में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और राजभाषा के प्रति सभी की प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए चार कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सोमनाथ माजी (आरक्षी, सुरक्षा विभाग) को प्रथम, विभूति प्रसाद (निजी सचिव-2, यांत्रिक लोको) को द्वितीय, तनु कुमारी (कनिष्ठ लिपिक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय) को तृतीय तथा साजन कुमार (वरिष्ठ आशुलिपिक, मुख्य विद्युत सेवा इंजीनियर विभाग) को प्रेरणा पुरस्कार प्रदान किया गया। महाप्रबंधक महोदय द्वारा सभी को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा में कार्य करना मात्र प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने अधीनस्थों को भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित करें, जिससे राजभाषा का समुचित विकास हो सके।

**दैनिक भास्कर**

चिरेका में राजभाषा समिति की 159वीं बैठक, हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किया गया सम्मानति

# अधिकारियों-कर्मचारियों को हिंदी में काम करने का आग्रह

भास्कर न्यूज़ | चित्तरंजन

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना के महाप्रबंधक कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 159वीं बैठक हुई। अध्यक्षता महाप्रबंधक विजय कुमार ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत महाकवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। हिंदी साहित्य में उनके योगदान पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी और मुख्य इंजीनियर रामाश्रय प्रसाद, सभी विभागों के प्रधान, राजभाषा विभाग के अधिकारी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार सुरक्षा विभाग के आरक्षी सोमनाथ माजी को मिला। द्वितीय पुरस्कार यांत्रिक लोको के निजी सचिव द्वितीय विभूति प्रसाद को दिया गया। तृतीय पुरस्कार प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय की कनिष्ठ लिपिक तनु कुमारी को मिला।

प्रेरणा पुरस्कार मुख्य विद्युत सेवा इंजीनियर विभाग के वरिष्ठ आशुलिपिक साजन कुमार को दिया गया। महाप्रबंधक विजय कुमार ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी में कार्य करना केवल सरकारी दायित्व नहीं, यह हमारी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान भी है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने अधीनस्थों को भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी की गई।



बैठक में मौजूद चिरेका महाप्रबंधक व अन्य अधिकारी।



हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानति करते अतिथि।

हिन्दुस्तान

# राजभाषा में कार्य के लिए प्रेरित करें: विजय कुमार



कार्यक्रम में शामिल चिरेका के पदाधिकारी व कर्मचारी।

**मिहिजाम, प्रतिनिधि।** चिरेका के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में मंगलवार को चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा क्रियान्वयन समिति की 159वीं बैठक हुई। इस मौके पर महाकवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती के सम्मान में महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों ने उनकी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की । हिंदी साहित्य में सुमित्रानंदन पंत के अविस्मरणीय योगदान के लिए उनके जीवन यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। मुख्य राजभाषा अधिकारी रामाश्रय प्रसाद सहित सभी विभागों के प्रधान अध्यक्ष और राजभाषा विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। राजभाषा हिंदी में प्रशंसनीय, उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने के लिए आरक्षी सुरक्षा विभाग के सोमनाथ माजी को प्रथम, यांत्रिक लोको विभाग के निजी सचिव विभूति प्रसाद को द्वितीय, तनु कुमारी कनिष्ठ लिपिक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक तनु कुमारी को तृतीय और साजन कुमार वरिष्ठ आशु लिपिक मुख्य विद्युत सेवा इंजीनियर विभाग के साजन कुमार को प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

महाप्रबंधक ने अपने अभिभाषण में कहा कि हमारी राजभाषा हिंदी में कार्य करना केवल एक सरकारी निर्देश नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान भी है।

**प्रभात खबर**

# हिंदी साहित्य में सुमित्रा नंदन पंत के योगदान को किया गया याद



बैठक करते चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार व मौजूद पदाधिकारी.

**प्रतिनिधि, मिहिजाम**

चिरेका महाप्रबंधक कार्यालय भवन स्थित सभागार में मंगलवार को चिरेका महाप्रबंधक विजय कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा क्रियान्वयन समिति की 159वीं बैठक हुई. महाकवि सुमित्रा नंदन पंत की जयंती पर महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों ने उनकी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की, हिंदी साहित्य में सुमित्रा नंदन पंत के अविस्मरणीय योगदान के लिए उनकी जीवन यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी. बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह मुख्य इंजीनियर रामाश्रय प्रसाद सहित सभी विभागों के प्रधान अध्यक्ष व कर्मचारी उपस्थित थे. राजभाषा हिंदी में प्रशंसनीय, उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने के लिए सोमनाथ माजी, आरक्षी सुरक्षा विभाग को प्रथम, विभूति प्रसाद निजी सचिव 2, यांत्रिक लोको को द्वितीय, तनु कुमारी कनिष्ठ लिपिक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय को तृतीय और साजन कुमार वरिष्ठ आशु लिपिक मुख्य विद्युत सेवा इंजीनियर विभाग को प्रेरणा पुरस्कार प्रदान किया गया. महाप्रबंधक ने इन सभी को प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि देकर पुरस्कृत किया. महाप्रबंक ने कहा कि हिंदी में कार्य करना केवल एक सरकारी निर्देश नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान भी है. उन्होंने सभी अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राजभाषा में कार्य करने के लिए प्रेरित करें.

प्रकाश

# चिरेका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 159 वीं बैठक आयोजित

चित्तरंजन, 27, मई, 2925, चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के महाप्रबंधक कार्यालय भवन स्थित सभागार में आज 27 मई 2025 को श्री विजय कुमार, महाप्रबंधक चिरेका की अध्यक्षता में राजभाषा क्रियान्वयन समिति की 159वीं बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर महाकवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती के सम्मान में महाप्रबंधक सहित उपस्थित गणमान्य सभी अधिकारियों के द्वारा उनकी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। हिंदी साहित्य में सुमित्रानंदन पंत के अविस्मरणीय योगदान के लिए उनके जीवन यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य राजभाषा अधिकारी सह मुख्य इंजीनियर श्री रामाश्रय प्रसाद सहित सभी विभागों के प्रधान अध्यक्ष और राजभाषा विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी गण उपस्थित थे।

इस मौक़े पर राजभाषा हिंदी में प्रशंसनीय, उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने के लिए श्री सोमनाथ माजी,आरक्षी सुरक्षा विभाग को प्रथम,श्री



विभूति प्रसाद निजी सचिव 2,यांत्रिक लोको को द्वितीय, सुश्री तनु कुमारी कनिष्ठ लिपिक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय को तृतीय और श्री साजन कुमार वरिष्ठ आशु लिपिक मुख्य विद्युत सेवा इंजीनियर विभाग को प्रेरणा पुरस्कार स्थान के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा इन सभी को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अपने अभिभाषण में कहा कि हमारी राजभाषा हिंदी में कार्य करना केवल एक सरकारी निर्देश नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान भी है। विशेष रूप से उन्होंने सभी अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राजभाषा में कार्य करने हेतु प्रेरित करें । श्री कुमार,महाप्रबंधक के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों के प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई।

**इंफो इंडिया**
कोलकाता, बुधवार, 28 मई, 2025

# चिरेका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 159 वीं बैठक आयोजित



**चित्तरंजन, 27 मई।** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के महाप्रबंधक कार्यालय भवन स्थित सभागार में आज 27 मई 2025 को श्री विजय कुमार, महाप्रबंधक चिरेका की अध्यक्षता में राजभाषा क्रियान्वयन समिति की 159वीं बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर महाकवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती के सम्मान में महाप्रबंधक सहित उपस्थित गणमान्य सभी अधिकारियों के द्वारा उनकी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। हिंदी साहित्य में सुमित्रानंदन पंत के अविस्मरणीय योगदान के लिए उनके जीवन यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य राजभाषा अधिकारी सह मुख्य इंजीनियर श्री रामाश्रय प्रसाद सहित सभी विभागों के प्रधान अध्यक्ष और राजभाषा विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी गण उपस्थित थे। इस मौके पर राजभाषा हिंदी में प्रशंसनीय, उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने के लिए श्री सोमनाथ माजी,आरक्षी सुरक्षा विभाग को प्रथम,श्री विभूति प्रसाद निजी सचिव 2,यांत्रिक लोको को द्वितीय, सुश्री तनु कुमारी कनिष्ठ लिपिक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय को तृतीय और श्री साजन कुमार वरिष्ठ आशु लिपिक मुख्य विद्युत सेवा इंजीनियर विभाग को प्रेरणा पुरस्कार स्थान के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा इन सभी को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अपने अभिभाषण में कहा कि हमारी राजभाषा हिंदी में कार्य करना केवल एक सरकारी निर्देश नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान भी है। विशेष रूप से उन्होंने सभी अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राजभाषा में कार्य करने हेतु प्रेरित करें । श्री कुमार,महाप्रबंधक के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों के प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई।

संथाल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक
इंडियन पंच

## चिरेका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 159वीं बैठक आयोजित

# राजभाषा हिंदी में कार्य करना हमारी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान है : महाप्रबंधक



**चितरंजन। संवाददाता।**

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना के महाप्रबंधक कार्यालय भवन स्थित सभागार में 27 मई को महाप्रबंधक विजय कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा क्रियान्वयन समिति की 159वीं बैठक आयोजित की गई। मौके पर महाकवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती के सम्मान में महाप्रबंधक सहित उपस्थित गणमान्य सभी अधिकारियों ने उनकी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। हिंदी साहित्य में सुमित्रानंदन पंत के अविस्मरणीय योगदान के लिए उनके जीवन यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य राजभाषा अधिकारी सह मुख्य इंजीनियर रामाश्रय प्रसाद सहित सभी विभागों के प्रधान अध्यक्ष और राजभाषा विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी गण उपस्थित थे। मौके पर राजभाषा हिंदी में प्रशंसनीय, उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने के लिए सोमनाथ माजी, आरक्षी सुरक्षा विभाग को प्रथम, विभूति प्रसाद निजी सचिव 2, यांत्रिक लोको को द्वितीय, तनु कुमारी कनिष्ठ लिपिक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय को तृतीय और साजन कुमार वरिष्ठ आशु लिपिक मुख्य विद्युत सेवा इंजीनियर विभाग को प्रेरणा पुरस्कार स्थान के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। महाप्रबंधक ने इन सभी को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने अभिभाषण में कहा कि हमारी राजभाषा हिंदी में कार्य करना केवल एक सरकारी निर्देश नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान भी है। विशेष रूप से उन्होंने सभी अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राजभाषा में कार्य करने हेतु प्रेरित करें ।

श्री कुमार,महाप्रबंधक के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों के प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई।